मां बाला सुन्दरी की महिमा है सबसे न्यारी

माँ बाला सुन्दरी की महिमा है सबसे न्यारी -2
मैया पे विश्वास तू रख ले-2 हरेगी चिन्ता सारी

अन धन के भंडार है भरती अंधों के दे आंखें
खुशियों से भर देती दामन देख ले दर पे आके
बाल रूप बड़ा प्यारा मां का -2 सुन्दर शेर सवारी

अस्सी चार चौरासी घण्टे बजते मां द्वारे
मनभावन दरबार है मां का सुंदर अजब नजारे
मैया का तू सेवक बन जा -2 हरेगी विपदा सारी

त्रिलोकपुर का धाम है प्यारा दुनियां सारी कहती
जहाँ बाला सुन्दरी भक्तो पे कृपा बरसाती रहती
श्रद्धा से जो दर पे आता-2 माँ काटे रोग बीमारी

मैया पे विस्वास है मुझको इक दिन दर्शन देगी
जब तक मां दर्शन ना हो आंखें चैन ना लेगी
दर्शन दे ध्यानू को तारा -2 अब सिंगला की है बारी

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/34274/title/maa-bala-sundri-ki-mahima-hai-sabse-nyari

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |